हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 7 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 22.5 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

11 एनुअल स्पोर्ट्स मीट में होनहारों का उम्दा प्रदर्शन



12 प्रतिबंधित प्लास्टिक बेचने व गंदगी फैलाने वालों...



# नगर निगम रोहतक और नपा कलानौर के लिए नामांकन 11 से

## 2 मार्च को सुबह 8 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान, 12 को होगी गिनती

- चुनाव के लिए 6 सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त
- जिले में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम रोहतक और नगरपालिका कलानौर के चुनाव की रणभेरी बज गई है। गत बुधवार को अधिसूचना जारी की जा चुकी है। जिसके मुताबिक 11 से 17 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे, हालांकि इस दौरान 12 व 16 को सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से नॉमिनेशन नहीं लिए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की 18 को सुबह साढे 11 बजे जांच की जाएगी तथा 19 की सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक उम्मीदवारों द्वारा नाम वापिस लिए जा सकेंगे। इसी दिन 3 बजे के बाद चुनाव मैदान में रहने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे तथा इन उम्मीदवारों की सूची चस्पा कर दी जाएगी तथा मतदान केंद्रों की सूची भी चस्पा की जाएगी। चुनाव कार्यक्रम अनुसार 2 मार्च को सुबह 8 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान होगा। 12 को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी।




रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा। फोटो : हरिभूमि

### डालेंगे दो मत

रोहतक शहर के लोग एक साथ दो वोट डालेंगे। एक वोट मेयर के लिए तथा दूसरी अपने वार्ड का प्रतिनिधि चुनने के लिए। इस बार मेयर का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। पद के लिए कई भाजपा से पींग बढ़ाने में कई दिन से लगे हुए हैं। हर कोई पार्टी का सबसे भरोसेमंद सिपाही होने का दावा कर रहा है। इससे पहले भी रेणू डाबला भी एससी कैटेगरी से ही मेयर चुनी गई थी। आयोग द्वारा जारी हिदायतों की पूरी तरह पालना की जाएगी। रोहतक नगर निगम के मेयर के चुनाव के लिए परिवहन प्राधिकरण की सचिव को रिटर्निंग अधिकारी तथा निगम के सदस्यों के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए गए है। कलानौर नगर पालिका के आम चुनाव के लिए महम के उपमंडल अधिकारी नागरिक को निर्वाचन अधिकारी तथा कलानौर के नायब तहसीलदार को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर निगम के सदस्यों के चुनाव के लिए 6 सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए जा चुके हैं।

### रोहतक के 22 वार्डों में 268 मतदान केंद्र स्थापित किए

नगर निगम रोहतक के 22 वार्डों में 268 मतदान केंद्र स्थापित किए गए है। नगर निगम चुनाव में लगभग 3 लाख 19 हजार मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें एक लाख 65 पुरुष मतदाता तथा एक लाख 53 हजार महिला मतदाता शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी हिदायतों की अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी तथा मतदाता केंद्रों का निरीक्षण भी किया जाएगा। रोहतक नगर निगम एवं कलानौर नगर पालिका क्षेत्र में आम चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को आम चुनाव में मतदान का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सभी प्रयास किए जाएंगे।

### मतदाता केंद्रों का निरीक्षण होगा

पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीसी ने कहा कि चुनाव न केवल शांतिपूर्वक होगा, बल्कि पारदर्शी भी होगा। किसी भी व्यक्ति को इलेक्शन प्रक्रिया के दौरान माहौल खराब नहीं करने दिया जाएगा। जिले में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी हिदायतों की अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी तथा मतदाता केंद्रों का निरीक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने कि प्रशासन द्वारा मतदाताओं को आम चुनाव में मतदान का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सभी प्रयास किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### किक-बॉक्सिंग में पांच खिलाड़ियों ने पदक जीते

**रोहतक।** दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 1 से 5 फरवरी तक चौथी वाको इंडियन ओपन इंटरनेशनल किक-बॉक्सिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें नेपाल, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, ग्रेट ब्रिटेन आदि टीमों के 1000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जिले के पांच खिलाड़ियों ने देश के लिए पदक जीते हैं। तनिषा कादयान ने 65 किलो में स्वर्ण पदक , आशु देसवाल ने 48 किलो में रजत , धैर्य ने 71 किलो में स्वर्ण, अंजली ने 56 किलो में कांस्य, हरीश कपूर ने 75 किलो में रजत पदक जीता। इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल, जिला किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र सभरवाल व कोच दीपक सिवाच आदि ने खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी।

### जल स्त्रोतों को प्रदूषण मुक्त रखना जिम्मेदारी

**रोहतक।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंधु ने आम जन से अपील की है कि जल स्त्रोतों विशेष कर नहरों में कुछ भी ऐसा सामान प्रवाहित ना करें जिससे यह निर्मल जल प्रदूषित हो रहा है। सिंधु सुनो नहरों की पुकार मिशन के विशेष बुलावे पर दिल्ली बाईपास के नजदीक नहरों के पुलों पर पहुंचे थे। इनका फूलमाला और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया। मिशन के मुख्य संरक्षक डॉ. जसमेर सिंह और संरक्षक दीपक छारा ने बताया कि सिंधु हमारे मिशन के साथ काफी समय से जुड़े हुए हैं। मौके पर डॉ. जसमेर सिंह, महासचिव मुकेश नैनकवाल, संरक्षक दीपक छारा, सह-सचिव अजय सिंह हुड्डा, कोषाध्यक्ष स्वीटी मलिक, वरिष्ठ सदस्य प्रीत सिंह, ईश्वर दलाल, रंगकर्मी रघुवींद्र मलिक, राजबीर मलिक, सतबीर छिकारा, रविंदर मलिक, निर्मल पन्नू, साहब सिंह धामड़, पवन सिवाच, डॉ. रविन्द्र नांदल, संतलाल बुधवार, अशोक दहिया मौजूद रहे।

### एमडीयू में कार्यशाला आज, तैयारी पूरी

**रोहतक।** मदवि का कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्ज विभाग 7 फरवरी को एआई पावर्ड इंटेलिजेंट स्पेसः ए रोडमैप विषयक कार्यशाला का आयोजन करेगा। कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्ज विभाग की अध्यक्षा प्रो. प्रीति गुलिया ने बताया कि डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। इग्नू एसओसीआईएस के पूर्व निदेशक प्रो. मनोहर लाल की-नोट स्पीकर होंगे। कार्यशाला सीडीओई कांफ्रेंस हॉल में प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ होगी।

## कुंभ स्नान से वापस लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी की ट्रैक्टर से टक्कर, पांच लोग घायल

- घायलों को पीजीआई में भर्ती करवाया

**महम।** हांसी उपमंडल के गांव मसूदपुर से कुछ लोग प्रयागराज में कुंभ स्नान के लिए गए थे। वापस लौटते समय महम चीनी मिल के पास उनका वाहन एक ट्रैक्टर से टकरा गया। जिस वजह से वाहन में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दिए बयान में हिसार जिला के मसुदपुर गांव निवासी कुलदीप पुत्र नफे सिंह ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। वह और उसका भतीजा सुशील पुत्र सत्यवान और मेरा दोस्त कृष्णा पुत्र धर्मपाल गांव ओबरा जिला भिवानी सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी में प्रयागराज कुंभ मेले में स्नान के बाद वापस गांव मसूदपुर लौट रहे थे। जब उनकी गाड़ी रात को साढ़े 12 बजे महम के द्वीतीय जलघर के पास पहुंची तो सड़क के रोंग साइड से एक ट्रैक्टर आ गया। ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर की सीधी टक्कर उनकी गाड़ी में मार दी। सभी को बेहोशी की हालत में राहगीरों ने अस्पताल में दाखिल करवाया। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक दो लोग और घायल पाए गए हैं, जिनमें हिसार जिला के महजद गांव निवासी बारू पुत्र कपूर सिंह और अजय पुत्र कुलदीप भी शामिल हैं।

### एनएसएस का महत्व बताया



**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसिया में चल रहे एनएसएस कैंप का समापन हो गया। मुख्य अतिथि एनएसएस कोऑर्डिनेटर मनोज अहलावत रहे। बच्चों ने एनएसएस कैंप के दौरान होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया और एनएसएस कैंप के अनुभव सबके साथ सांझा किए। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी भाग लिया। मनोज अहलावत ने बच्चों को एनएसएस का महत्व बताया। प्रोग्राम ऑफिसर पुष्पा ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। इस अवसर पर मोनिका, पिंकी, पूनम, ममता, सुजाता, सुनीता आदि मौजूद रहे।




## गांव मायना में शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत योग से हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा गांव मायना में सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत योग से की।

इसके बाद डॉ. सीमा (सहायक प्रोफेसर- महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय) ने तालाबों के महत्व विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने सभी स्वयंसेविकाओं को तालाब व झील में अंतर बताया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार किसान पहले के समय में सिंचाई के लिए तालाबों का सहारा लेते थे परंतु अब धीरे-धीरे तालाबों में से जीव-जंतु ,पेड़-पौधे खत्म होते जा रहे और तालाब भी सूखते जा रहे हैं। करमिंदर कौर ने लिंग भेदभाव व महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा एवं महिलाओं के अधिकार विषय पर स्वयंसेविकाओं से चर्चा की। सोनिया मलहान द्वारा हैंड पेंटिंग के बारे में बताया गया। इस कैम्प का आयोजन एनएसएस प्रोग्राम आफिसर सोफिया जाखड़ और डॉ. सविता मलिक ने किया।

## सांपला से मोटरसाइकिल चोरी की दो वारदातों में आरोपी गिरफ्तार

- दादरी में चोरीशुदा बाइक सहित काबू किया गया था

**रोहतक।** पुलिस ने सांपला से मोटरसाइकिल चोरी की दो वारदातों में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। सांपला थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि भैसरु कलां निवासी नरेश की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 19 जनवरी को नरेश अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर पुरानी मंडी सांपला आया हुआ था। नरेश मंडी के पास गली में मोटरसाइकिल खड़ी कर चला गया। अज्ञात युवक नरेश की मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान 5 फरवरी को आरोपी डिंपल निवासी चरखी दादरी को भिवानी जेल से प्रोड्क्शन वांरट पर हासिल कर गिरफ़्तार किया गया है। आरोपी ने 26 जनवरी को वार्ड न.14, सांपला में स्थित घऱ के सामने से मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया। जिस संदर्भ में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है। आरोपी को जिला दादरी में चोरीशुदा बाइक सहित काबू किया गया था। आरोपी से कई चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ था जिसमे दो वारदाते सांपला की है।

### सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यशाला का समापन



**रोहतक।** सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय में आईक्यूएसी द्वारा हरियाणा प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम के सहयोग से ई-फाइनेंस पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यशाला डॉ. अनिल एवं डॉ. मीनाक्षी की देखरेख में आयोजित की गई। जिसमें नौ महाविद्यालयों के प्राचार्य, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और लिपिकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य महाविद्यालय के सदस्यों को डिजिटल वित्तीय प्रणाली, ऑनलाइन बुकिंग, साइबर सुरक्षा यूपीआई, नेट बैंकिंग, डिजिटल भुगतान एवं आधुनिक वित्तीय तकनीक की जानकारी देना रहा। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में प्रमुख वक्ता डॉ. राजेश मलिक ने डिजिटल भुगतान के सुरक्षित तरीकों, यात्रा भत्ता, सूचना का अधिकार अधिनियम और ऑनलाइन फ्राड से बचाव सरकार की विभिन्न वित्तीय योजनाओं और ई वॉलेट के प्रयोग पर विस्तृत जानकारी दी। समापन सत्र में कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर चंद्रशेखर ने विभिन्न महाविद्यालय से आए एसोसिएट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर और लिपिकों को प्रमाण-पत्र वितरित किए।

### गांव बसतंपुर जा रहा था युवक

## युवक का रास्ता रोककर लाठी-डंडों से खूब पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव बसतंपुर जा रहे युवक का रास्ता रोककर लाठी-टंडों से हमला कर दिया गया। सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में घायल दीपक ने बताया कि वह बसंतपुर गांव का रहने वाला है। चार फरवरी को वह गांव धामड़ में अपने खेत की तरफ से अपने गांव बसंतपुर की तरफ मोटरसाइकिल से जा रहा था। शाम करीब 5:40 पर जब वह एक निर्माणाधीन मकान के पास पहुंचा तो वहां सोनू, नवीन मकड़ौली कलां निवासी व एक अज्ञात लड़का हाथ में लाठी-बिंडे लिए हुए खड़े थे। उन्होंने फिर मोटरसाइकिल रास्ता रोककर सिर पर बिंडे से वार करना शुरू कर दिया। इससे वह मोटरसाइकिल से नीचे गिर गया। फिर मकान के अंदर से राहुल, नीरज, विकास व नीरज मकड़ौली कलां निवासी ने जाने से मारने की नीयत से हमला कर दिया। इसके बाद शोर मचाने पर राहगीर एकत्रित हो गए और परिवार के सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। इसके बाद परिवार के सदस्यों ने पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया और वहां से चोट अधिक लगी होने के कारण दिल्ली रोहिणी के अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जहां उपचार चल रहा था। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।



- दिल्ली रोहिणी के अस्पताल में दाखिल करवाया गया

### एटीएल बैटरी टेक्नोलॉजी इंडिया की ओर से लगाए रोजगार मेले में कई जिलों से पहुंचे युवा

## गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक महम में कैंपस ड्राइव के तहत 26 विद्यार्थियों को मिली नौकरी

- संस्थान के प्राचार्य दिनेश कुमार सिंधु ने कम्पनी प्रतिनिधियों को संस्थान की तरफ से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

राजकीय बहतकनीकी संस्थान महम में एटीएल बैटरी टेक्नोलॉजी इंडिया द्वारा कैंपस ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस कैंपस ड्राइव में 26 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न प्रतिष्ठित पॉलिटेक्निक संस्थानों जैसे सरकारी पॉलिटेक्निक लोहारू, भिवानी, छपार वीटीआई, रोहतक, खानपर कलां और महम पॉलिटेक्निक से लगभग 170 मेधावी विद्यर्थियों ने भाग लिया। कंपनी की ओर से सीनियर एग्जीक्यूटिव पूजा, वरिष्ठ अभियंता अनुराग तथा जूनियर एग्जीक्यूटिव शिल्पा ने विद्यार्थियों का आकलन करने के लिए पहले लिखित परीक्षा ली और फिर साक्षात्कार लिया। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी अबनम ने कहा हम एटीएल बैटरी टेक्नोलॉजी इंडिया का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हमारे छात्रों को यह सुनहरा अवसर प्रदान किया। हम निरंतर प्रयासरत हैं कि छात्रों को बेहतर औद्योगिक अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य दिनेश कुमार सिंधु ने कम्पनी प्रतिनिधियों को संस्थान की तरफ से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने सभी चयनित विद्यर्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा हमारा संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेत निरंतर प्रयासरत है। इस प्रकार की औद्योगिक गतिविधियां न केवल विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती हैं बल्कि उन्हें उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करती हैं। यह कैंपस ड्राइव इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। चयनित विद्यार्थियों को कंपनी द्वारा अत्याधुनिक तकनीकी वातावरण में रोजगार का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर प्राध्यापक सुरेंद्र कुमार, अशोक कुमार, जगदीप सांगवान, अनूप घणघस, अमित खत्री तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।




महम। पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पास युवक का साक्षात्कार लेते एटीएल बैटरी टेक्नोलॉजी इंडिया कंपनी के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### खरावड़ के पास निजी मैरिज हॉल में वारदात

## विवाह समारोह से महिला का 3 लाख 50 हजार रुपये से भरा हैंडबैग चोरी

- पीड़ित डॉ. रेखा ने बताया कि वह सेक्टर एक की रहने वाली है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

खरावड़ के पास से निजी मैरिज हॉल में आयोजित विवाह समारोह से एक महिला के 3 लाख 50 हजार रुपये से भरा हैंडबैग चोरी कर लिया। खरावड़ पुलिस चौकी को दी शिकायत में पीड़ित डॉ. रेखा ने बताया कि वह सेक्टर एक की रहने वाली है और घरेलू कामकाज करती है। पांच फरवरी को बेटे के विवाह कार्यक्रम में एक निजी मैरिज पैलेस में गए। वहीं पर पास में अपना काले रंग का हैंडबैग रखा हुआ था। उसमें करीब 3.50 लाख रुपये थे। इस दौरान विवाह कार्यक्रम के बीच लान में एक मेज पर वह बैग रख दिया। इसके बाद रिश्तेदारों से बातचीत करने लगी। अचानक किसी युवक ने हैंडबैग चोरी कर लिया। इसके बाद आसपास भी तलाश किया, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।




### महमः अजायब गांव के एक मकान से 37 हजार रुपए चोरी, केस दर्ज

**महम।** अजायब गांव के एक मकान में चोरों ने नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में पीड़ित ने महम थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में अजायब गांव निवासी बलजीत सिंह पूनिया पुत्र जोगराम पूनिया ने बताया कि वह फौज से रिटायर हो चुका है। वह अपने बच्चों के साथ सोनीपत में रहता है। उसका गांव में मकान है। गांव से उसकी भतीजे सुरेंद्र ने सूचना दी कि मकान के ताले टूटे हुए हैं। सूचना पाकर वह अपने घर पर पहुंचा। मकान के अंदर देखा तो अलमारी व मकान के ताले टूटे हुए हैं। लोहे की अलमारी को चैक किया गया तो वहां पर रखे 37 हजार रुपए गायब मिले। पीड़ित का कहना है कि उसके पैसे बरामद किए जाएं और चोरी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जंतु जगत

प्रत्यूष शर्मा

बच्चों, फूलों पर मंडराती रंग-बिरंगी प्यारी तितलियां, हर किसी का मन मोह लेती हैं। दुनिया भर में इन तितलियों की अनेक प्रजातियां हैं। यहां बताई जा रही तितलियों में से एक तितली को छोड़कर बाकी तितलियों को अपने-अपने राज्यों में राजकीय तितली घोषित किया गया है। जानो, इन मनभावन तितलियों के बारे में।

# मनमोहक रंग-बिरंगी तितलियां



## 89-98 तितली




**इस तितली** का वास्तविक नाम डायएथ्रिया फ्लोजिया या यूक्लिड्स फ्लोजिया है। यह 89, 98 उपनाम से भी जानी जाती है, क्योंकि इसके पंखों पर 89 और 98 अंक जैसे चिन्ह अंकित होते हैं। यह एक ऐसी तितली है, जो संख्याओं का एक सेट पहनकर घूमती है। लगभग 200-1700 मीटर की ऊंचाई पर रहने वाली ये तितलियां बहुत ही एक्टिव रहती हैं। ये तितलियां एक जगह पर ज्यादा नहीं टिकती हैं यानी एक स्थान पर कुछ सेकेंड से ज्यादा आराम नहीं करती हैं। ये तितलियां सूर्यास्त से पहले अपने पंख फैलाकर धूप सेंकती देखी जाती हैं। रात होने पर ये किसी पत्ते के नीचे बैठकर आराम करती हैं। ये तितलियां कोलंबिया समेत दक्षिण अमेरिका के कई अन्य देशों में पाई जाती हैं। *



## केसर-ए-हिंद तितली

**इस तितली** का वैज्ञानिक नाम टीनोपालपस इंपीरियलिस है। इसे अरुणाचल प्रदेश की राज्य तितली का दर्जा दिया गया है। केसर-ए-हिंद, जंगल में पाई जाने वाली सबसे दुर्लभ तितलियों में से एक है। यह तितली पूर्वी हिमालय में पाई जाती है। इस तितली को दिया गया नाम 'केसर-ए-हिंद' का शाब्दिक अर्थ 'भारत का सम्राट' है। इस तितली को मध्यम और उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में यानी 6,000 से 10,000 फीट की ऊंचाई पर देखा जा सकता है। इस तितली की उड़ान बहुत तेज होती है, यह पेड़ की चोटी पर बहुत तेज गति से पहुंच जाती है। केसर-ए-हिंद तितली भारत के अलावा नेपाल, भूटान, वियतनाम, म्यांमार, लाओस और दक्षिणी चीन में भी पाई जाती है। *



## ब्लू पैंसी बटरफ्लाई

**ब्लू पैंसी** तितली, जम्मू कश्मीर की राज्य तितली है। ब्लू पैंसी तितली अपने चमकीले नीले और काले पंखों के लिए जानी जाती है, जो नारंगी रंग के धब्बों से सजे होते हैं। यह तितली जम्मू-कश्मीर के घास के मैदानों में और उद्यानों में पाई जाती है। *

## ब्लू मॉर्मन बटरफ्लाई

**ब्लू मॉर्मन** तितली का वैज्ञानिक नाम पैपिलियो पॉलीमेनेस्टर है। आकर्षक रंग और बड़े-बड़े पंखों वाली यह तितली बहुत ही मनमोहक लगती है। इसे महाराष्ट्र की राज्य तितली घोषित किया गया है। बच्चों, इस तितली के बारे में एक खास बात यह भी जान लो कि महाराष्ट्र भारत का पहला ऐसा राज्य है, जिसने साल 2015 में अपनी राज्य की राजकीय तितली घोषित किया थी। इसके बाद कुछ अन्य राज्यों में भी अपने-अपने राज्य की राजकीय तितलियों की घोषणा की गई। ब्लू मॉर्मन भारत के अलावा श्रीलंका में भी बहुतायत में पाई जाती है। *



## पीकॉक बटरफ्लाई

**पीकॉक तितली** को पैपिलियो बियानोर के नाम से भी जाना जाता है। इसे भारत के उत्तराखंड राज्य की राज्य तितली का दर्जा प्राप्त है। इस तितली के पंखों पर पीकॉक यानी मोर की तरह बड़े-बड़े धब्बे और पैटर्न बने होते हैं। इन धब्बों और पैटर्न्स की वजह से ही इसे 'पीकॉक बटरफ्लाई' कहा जाता है। यह तितली जंगल, घास के मैदान, खेत, पार्क आदि में रहती है। इसके पंखों के नीचे का हिस्सा गहरे भूरे-काले रंग का होता है। पीकॉक तितली की एक खासियत यह भी होती है कि यह आस-पास के रंगों और माहौल में घुल-मिल जाती है। कोई खतरा भांपते ही किसी पत्ते की तरह स्थिर हो जाती है, जिससे इसके शिकार के लिए आया कोई शिकारी जंतु इसे पहचान नहीं पाता। यह तितली यूरोप, एशिया महादेशों और जापान के समशीतोष्ण क्षेत्रों में पाई जाती है। *



छोटी कहानी / समीर गांगुली

नदी के इस पार इंसान का बच्चा तो दूसरे पार शेर का बच्चा था। दोनों ने एक-दूसरे को देखा और नदी में उतर कर शरारत करने लगे। पढ़ो एक मजेदार कहानी।

# दोस्ती-दुश्मनी

शेर जंगल की तरफ था। छोटा था छह महीने का।

शेरू गांव की तरफ था। वह भी छोटा था छह साल का।

दोनों के बीच नदी बह रही थी।

आज से पहले शेर ने दो पैर से चलने वाले किसी को नहीं देखा था। शेरू ने भी सचमुच का शेर नहीं देखा था। सो दोनों एक-दूसरे को देखने लगे। नदी के इस पार, उस पार से।

फिर दोनों ने नदी का पानी पीया। पहली बार अपने-अपने तरीके से, दूसरी बार दूसरे के तरीके से। फिर कुछ देर तक वे एक-दूसरे को देखते रहे।



शेरू को मजाक सूझा। वह पानी में उतरा और दोनों हाथों से पानी को छपछपाने लगा। यह देख शेर भी पानी में उतरा और पानी को छपछपाने लगा। ऐसा करके उन्होंने इतना पानी उछाला कि दोनों भीग गए।

तभी उनकी नजर ऊपर से नदी में बहती आ रही एक लंबी-मोटी चीज पर पड़ी। यह एक मोटे पेड़ का तना था, जो पहाड़ों से बहता चला आ रहा था। लेकिन उन्होंने इसे पानी का जानवर समझा और डर कर किनारों के बड़े पत्थरों के पीछे जा छिपे। जब तना बहता हुआ आगे चला गया तो उनका डर दूर हुआ। दोनों फिर से बाहर आकर एक-दूसरे की तरफ देखने लगे।

नदी गहरी थी और दोनों ही तैरना नहीं जानते थे, मगर वे एक दूसरे को और नजदीक से देखना चाहते थे। इसलिए वे फिर से पानी में उतर गए और दो कदम आगे, एक कदम पीछे करके थोड़ा आगे बढ़े। शेर दो पैर से चलना चाहता था। शेरू भी चार पैर की चाल देखना चाहता था। शायद दोनों एक-दूसरे से दोस्ती करना चाहते थे।

शेर ने आवाज लगाई, 'आऽऽऽऽ आऽऽऽ!'

शेरू ने भी आवाज लगाई, 'आऽऽऽऽ आऽऽऽऽ!'

तभी जंगल की तरफ से एक दहाड़ गूंजी। शेरू ने देखा, एक बहुत बड़ा शेर नदी के उस पार आकर खड़ा हो गया था। वह छोटे शेर का बाप था।

नदी के इस पार शेरू की तरफ भी तभी हलचल हुई, हवा में बंदूक की 'धांय' की आवाज गूंज उठी।

इधर शेरू का बापू शंभू अपनी दुनाली बंदूक के साथ खड़ा था।

नदी के दोनों पार, अब दोनों बच्चे अपने पिता के साथ थे।

शेर अपने बेटे को आदमी के बारे में बता रहा था और आदमी अपने बेटे शेरू को शेर के बारे में बता रहा था। बहुत बुरा, डरावना और नफरत लायक। फिर सब जहां से आए थे, वहां लौट गए।

शेर और शेरू ने एक बार भी मुड़कर एक-दूसरे की तरफ नहीं देखा। *

## जीके क्विज-140

1. हाल में संपन्न 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में किस राज्य ने सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार जीता?
2. असम के मुख्यमंत्री ने किस शहर को राज्य की दूसरी राजधानी बनाने की घोषणा की है?
3. खेलो इंडिया विंटर गेम्स का आयोजन कहां किया जा रहा है?
4. हाल ही में देश का केंद्रीय बजट पेश करने वाली वित्त मंत्री का क्या नाम है?
5. सबसे भारी धातु कौन सी है?
6. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
7. शरीर का कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
8. किस देश को 'केक की भूमि' कहा जाता है?
9. सेब में कौन-सा एसिड पाया जाता है?
10. विश्व का सबसे बड़ा द्वीप कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-140 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-139 का उत्तर :** 1.प्रलय, 2.ऋषभ पंत, 3.टेनिस, 4.बाबर, 5.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 6.क्षोभमंडल (ट्रोपोस्फेयर), 7.भारत और चीन, 8.प्रशांत महासागर, 9.स्वामी विवेकानंद, 10.बौद्ध धर्म

**जीके क्विज-139 का सही उत्तर देने वाले :** क्षमा-बिलासपुर, रमेश-रायगढ़, कबीर-हिसार, डिंपल-बिलासपुर, बी.ईशान-अहमदाबाद, बी.आकांक्षा-अहमदाबाद, मनोज-ईमेल से, राहुल-रोहतक, कुसुम-रायपुर, जतिन-महेंद्रगढ़

## हंसगुल्ले

**रिंकी** : चलो, डिनर कर लो।
**पिंकी** : लेकिन अभी तो दोपहर है। डिनर तो रात के खाने को कहते हैं।
**रिंकी** : हां, यह रात का बचा हुआ खाना ही है।
-अंशु, रायपुर

**टीचर** : मैं जो सवाल पूछूं, उसका जवाब फटाफट देना।
**रोहन** : जी मैम।
**टीचर** : बताओ, ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?
**रोहन** : फटाफट...।
-जीवेश, बिलासपुर

**साइंस टीचर** : कौन-सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
**राजू** : बेसन के पकौड़े।
-तनुजा, बेमेतरा

कहानी / सरस्वती रमेश

दादी ने अपने घर में एक लाइब्रेरी बना रखी थी। इस लाइब्रेरी में बच्चे भी किताबें पढ़ने आते थे। दादी को लगा कि लाइब्रेरी छोटी पड़ रही है तो उन्होंने एक बड़ी जगह खोज ली। अब समस्या यह थी कि इतनी ढेर सारी किताबें वहां पहुंचाई कैसे जाएं? लेकिन बच्चों ने ऐसा कुछ करिश्मा दिखाया कि सारी किताबें नई जगह पर देखते ही देखते शिफ्ट हो गईं!



# जादूगर बच्चे

कनिका को किताबें पढ़ने का बहुत शौक था। यह शौक उसे अपनी दादी से मिला था। असल में दादी ने अपने घर में ही एक छोटी-सी लाइब्रेरी बना रखी थी। उस लाइब्रेरी में तरह-तरह की ज्ञानवर्धक किताबें थीं। दादी जब भी फुर्सत में होतीं, लाइब्रेरी में बैठकर किताबें पढ़तीं। लाइब्रेरी की किताबें बड़ों के लिए ही नहीं, बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक थीं। दादी को पढ़ता देखकर कनिका भी लाइब्रेरी में जाने लगी। दादी ने अपनी लाइब्रेरी में बच्चों की ढेर सारी पत्रिकाएं, कॉमिक्स, स्टोरी बुक्स और जीके बुक्स लाकर रख दीं। ताकि कनिका को पढ़ने में दिलचस्पी पैदा हो। ये किताबें इतनी इंटरेस्टिंग थीं कि रविवार को कनिका के दोस्त भी वहां आकर किताबें पढ़ने लगे। धीरे-धीरे दादी की सहेलियों से ज्यादा वहां कनिका के दोस्त आने लगीं। दादी भी उनका पूरा ख्याल रखतीं। उन्होंने लाइब्रेरी को पूरी तरह बच्चों के लिए समर्पित कर दिया। अब तो आस-पास के खूब सारे बच्चे छुट्टी के दिन वहां जुटते। रविवार के दिन तो कनिका के घर में जैसे कोई बुक फेयर चल रहा होता। भीड़ बढ़ती देखकर दादी को महसूस हुआ कि लाइब्रेरी कहीं और शिफ्ट करनी पड़ेगी, क्योंकि अब घर में जगह कम पड़ने लगी थी।

जल्दी ही दादी ने घर के पास ही एक जगह देख ली। इसमें बड़ा-सा हॉल खाली पड़ा था, जिसके सामने एक छोटा-सा गार्डन भी था। बच्चे लाइब्रेरी से किताबें लेकर गार्डन में बैठकर पढ़ सकते थे। इसलिए दादी को यह जगह बहुत पसंद आई। उन्होंने लाइब्रेरी के लिए फर्नीचर का भी इंतजाम कर लिया, जिसमें किताबें रखी जा सकें और बच्चे बैठकर पढ़ सकें। जब लाइब्रेरी तैयार हो गई तो किताबें शिफ्ट करने की बारी आई। किताबें बहुत ज्यादा थीं। दादी घुटनों में दर्द के कारण बहुत चल-फिर नहीं पाती थीं। फिर किताबें किस तरह शिफ्ट की जाएं, दादी सोच में पड़ गईं। उन्होंने कनिका को अपनी चिंता बताई।

'दादी आप चौक पर से मजदूर लेकर आ जाएं, वो मजदूरी में कुछ पैसे लेकर किताबें वहां पहुंचा देंगे।' कनिका ने सुझाव दिया।

'लेकिन मेरे पास जितने भी पैसे थे, वह मैंने नई लाइब्रेरी के किराए और फर्नीचर के लिए दे दिया। अब तो मेरे पास बहुत कम पैसे बचे हैं, कब, कैसी जरूरत पड़ जाए पता नहीं, ये पैसे तब संकट में काम आएंगे। इन पैसे का मेरे पास रहना जरूरी है।' दादी ने कहा।

कनिका सोच में पड़ गई। बिना पैसे के तो कोई भी मजदूर नहीं आएगा। थोड़ी देर सोचने के बाद उसने चुटकी बजाते हुए जोर से कहा, 'आइडिया!'

दादी ने चौंक कर पूछा, 'कैसा आइडिया!'

'कल किताबें अपने-आप शिफ्ट हो जाएंगी। दादी बस आप देखती जाओ।' यह कहकर कनिका चली गई।

'किताबें अपने-आप कैसे शिफ्ट हो सकती हैं!' दादी मन ही मन सोच में पड़ गईं। अगले दिन रविवार था। दादी सब्जी लेने बाजार गई थीं। हर बार की तरह कनिका के सारे दोस्त और मोहल्ले के बच्चे कनिका के घर पहुंच गए। कनिका ने किताबें शिफ्ट करने की अपनी योजना के बारे में बच्चों को बताया। 'यह तो बहुत मजेदार प्लान है।' राहुल बोला। 'हां... हां...! यह तो किसी खेल जैसा है।' सुप्रिया बोली। फिर सारे बच्चे खुशी से चिल्लाते हुए चल पड़े। बच्चों ने कनिका के घर से शुरू करके नई लाइब्रेरी तक ह्यूमन चेन बना ली। फिर एक-एक किताब एक दूसरे को पास करने लगे। घंटे भर में ही सारी किताबें कनिका के घर से नई लाइब्रेरी तक पहुंच गईं। फिर बच्चों ने मिलकर किताबों को कायदे से रैक में लगा दिया। दादी जब लौटीं तो नई लाइब्रेरी में लगी किताबों को देखकर दंग रह गईं। 'यह सब कैसे हुआ?' दादी ने हैरानी से पूछा। 'जादू से...!' कनिका ने हंसते हुए कहा। सारे बच्चे भी हंस पड़े। बच्चों को हंसता देखकर दादी भी हंसते हुए बोलीं, 'बच्चे सच में जादूगर होते हैं, थैंक्यू मेरे जादूगर बच्चों!' *

बाल गीत

डॉ. आर. पी. सारस्वत



## रंग-बिरंगी बुक

रंग-बिरंगी बुक आई है।
बेहद सबके मन भाई है।।
इसका तो मुखपृष्ठ निराला।
बनी हुई इस पर है शाला।।
भीतर इसके बंदर, भालू।
लाल-टमाटर, बैंगन-कालू।।
वो देखो, वो हाथी-दादा।
खड़ा धूल का ओढ़ लबादा।।
फूलों से महकी है क्यारी।
तितली इनकी करे सवारी।।
काश! हमारे भी पर होते।
हम भी होते हरियल तोते।।
हमने उलट-पुलट ली सारी।
कितनी सुंदर, कितनी प्यारी।।
चलो, चलें अब घर चलते हैं।
विद्यालय में कल मिलते हैं।।

## रंग भरो-168

**रंग भरो-168** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





नक्श, हिसार



डॉली, दुर्ग



समृद्धि, शहडोल



तेजस, रायपुर



वाणी, रायपुर



अनन्य, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आदित्य-खैरागढ़, डॉली-मटियारी, प्रगति-बिलासपुर, रितेश-मटियारी, सार्थक-रायपुर, शौर्य-रोहतक, सौम्य-बालोद, वसनि-रायपुर, कार्तिक-खैरागढ़, रेयांश-बिलासपुर, कीर्ति-महासमुंद


## रंग भरो 169




बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में सोनू और मोनी मस्ती के मूड में दिख रहे हैं। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां बाईं तरफ एक आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। दाहिनी तरफ इस चित्र के कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर: A-5, B-3, C-2

## खबर संक्षेप

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर जुर्माना व सजा

**खरखौदा।** शराब पीकर गाड़ी चलाने के दो आरोपियों को न्यायधीश विक्रांत ने जुर्माना व सजा दोनों सुनाई है। सिलाना गांव के दो युवक शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए मिले थे, जिनका पुलिस ने चालान किया था। इन मामलों में सुनवाई करते हुए सिलाना के उत्तम को 10 हजार रुपए जुर्माना व 15 दिन की सजा। दूसरे मामले में सिलाना गांव के राहुल को 10 हजार रुपए का जुर्माना व 1 महीने की सजा सुनाई है।

### कार ने ट्रक चालक को टक्कर मारी, मौत

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित मित्रा दा ढाबे के पास तेज रफ्तार इको कार ने एक ट्रक चालक को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक हेल्पर ने बड़ी थाना पुलिस को शिकायत दी। शिकायत में कनकपुर, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश के रहने वाले संजय कुमार ने बताया कि वह ट्रक पर हेल्पर की नौकरी करता है। 5 फरवरी को वह ट्रक पर जींद से माल लोड कर बुलंदशहर जा रहे थे। देर रात गन्नौर पहुंचे तो ट्रक का टायर पंक्चर हो गया।

### सुबह 10 से 12 बजे तक सुनीं जाती हैं शिकायतें: उपायुक्त

# समाधान शिविर में 29 शिकायतें आईं, मौके पर 9 का किया निपटारा

■ उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि प्रदेश सरकार की नई पहल के तहत नागरिकों की हर शिकायत के समाधान की कोशिश की जाती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा। फोटो : हरिभूमि

समाधान शिविर में एक छत के नीचे विभिन्न विभागों की शिकायतों की सुनवाई कर मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा शिकायत के निपटारे की प्रक्रिया शुरू की जाती है। बृहस्पतिवार को उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस में उपमंडलाधीश आशीष कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल तथा अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। समाधान शिविर में 29 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया तथा अन्य शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने परिवार पहचान पत्र, नगर निगम, पीजीआईएमएस, सिंचाई विभाग, मार्केट कमेटी, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों बारे दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि प्रदेश सरकार की नई पहल के तहत नागरिकों की हर शिकायत के समाधान के लिए प्रति कार्य दिवस सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय, उपमंडल मुख्यालय इत्यादि पर समाधान शिविर आयोजित कर शिकायतों का निदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिक साधारण कागज पर हाथ से अपनी शिकायत लिखकर ला सकते है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपमंडलाधीश आशीष कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता गगन पांडे, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विजय दलाल, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता बलविंद्र नैन, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता अरूण कुमार व भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश सहित मौजूद रहे।



## परम संत कृपाल सिंह महाराज का मनाया 131वां प्रकाश पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ सैकड़ों की संख्या में भाई बहनों ने भाग लिया

सावन कृपाल रूहानी मिशन की शाखा की ओर से गोहाना रोड स्थित कृपाल आश्रम में 6 फरवरी को परम संत कृपाल सिंह महाराज का 131वां प्रकाश पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भाई-बहनों ने भाग लिया। जन्मोत्सव के इस कार्यक्रम की शुरूआत में शाम 3 बजे परम संत कृपाल सिंह महाराज के जीवन की झलकियां वीडियों द्वारा दिखाई गईं, जिसमें उनके रूहानी कार्यों और संदेश को दर्शाया गया था।

वे फरवरी, 1974 में आयोजित पहले मानव एकता सम्मेलन के अध्यक्ष थे। प्रकाश पर्व के अवसर पर मिशन के वर्तमान प्रमुख संत राजिंदर सिंह महाराज ने वीडियों से प्रसारित अपने संदेश में कहा कि परम संत कृपाल सिंह महाराज कोअध्यात्मवाद के सूर्य के रूप में याद किया जाता है। उनके जीवन से हमें बहुत सी बातें सीखने को मिलती हैं। उन्होंने अपने जीवन में यह निर्णय लिया कि परमात्मा पहले और दुनिया बाद में। उन्होंने हमें समझाया कि यह मानव चोला हमें पिता-परमेश्वर की अपार दयामेहर से प्राप्त हुआ है। इसीलिए हम अपनी सभी सांसारिक जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए अपने जीवन में पिता-परमेश्वर को सबसे पहले स्थान दें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को ध्यान-अभ्यास की बैठक पर बिठाया गया।

## एनुअल स्पोर्ट्स मीट में होनहारों का उम्दा प्रदर्शन

### विद्यार्थियों ने कदम से कदम मिलाकर मार्च पास्ट करते हुए मुख्यातिथि को दी सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



डीएलएफ, कमला नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की एनुअल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन वीरवार को शहीद मदनलाल ढींगरा कम्युनिटी सेंटर में किया गया, स्पोर्ट्स मीट के दौरान खेल मैदान पर खिलाड़ियों में जबरदस्त ऊर्जा का संचार देखने को मिला, यहां खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ ही डंबल व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने कदम से कदम मिलाकर मार्च पास करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी।

डीएवी स्कूल की प्रधानाचार्या रिंकू वर्मा ने स्कूल के 2024-25 एनुअल रिपोर्ट प्रस्तुत की और सभी का आभार प्रकट कंयिा। प्रतियोगिता के दौरान इंटर हाउस में बच्चों ने फ्रॉग रेस, बटरफ्लाई फ्लावर रेस, बनाना रेस, थ्री लैग रेस, लेमन रेस, मटकी रेस, 100 मीटर रेस आदि में भाग लिया। श्रद्धानंद हाउस के विद्यार्थी विजयी रहे। विजयी विद्यार्थियों को मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। स्पोर्ट्स मीट का समापन डीएवी गीत के द्वारा किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि चेयरमैन डॉक्टर डीवी सेठी, वाइस चेयरमैन आरके सेठी, मैनेजर आभा गंगल व विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल के उपस्थित रहे।




## भविष्य उन्हीं का होता है, जो बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं : बीआरसी

■ विजेता प्रतिभागियों के अकाउंट में ट्रांसफर की जाएगी राशि

■ बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के अंतर्गत कलानौर में आयोजित की गई रोल प्ले तथा पेंटिंग स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में ब्लॉक लेवल साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा समन्वयक साधना के निर्देशन में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में सात अलग-अलग थीम पर आधारित रोल प्ले तथा पेंटिंग कम्पीटिशन का आयोजन किया गया। आयोजन के नोडल अधिकारी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर के प्राचार्य देवेंद्र कटारिया रहे। बीआरपी हेमलता तथा बीआरपी रंजना ने प्रोग्राम कॉर्डिनेटर की भूमिका निभाई। विज्ञान प्रदर्शनी में कलानौर ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 6 से 12 के 94 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अनिल, क्रांति, मनीषा, रचना ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। बीआरसी साधना ने कहा कि भविष्य उन्हीं का होता है, जो बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं और उन्हें साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यह प्रदर्शनी आपके लिए एक ऐसा मंच है, जो आपको और ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करेगी। आने वाले कल के वैज्ञानिक एवं नवप्रवर्तक इन्हीं विद्यार्थियों में से ही कुछ होंगे। बीआरपी हेमलता ने बताया कि बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में सभी 7 थीम में प्रत्येक के लिए प्रथम तथा द्वितीय पुरस्कार 500 एवं 400 रखे गए हैं जो विजेता प्रतिभागियों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए जाएंगे।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल, खंड शिक्षा समन्वयक साधना, मधुबाला, ज्योति, प्रवीन, अलका मदान, राजीव, अमित, डॉ. कर्मवीर राठी, पूनम, अनु सहित अन्य मौजूद रहे।

## उदाहरणों से समर्थितचर के बीच संबंधों की पहचान करने में सहसंबंध विश्लेषण के महत्व को समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


**रोहतक।** कार्यशाला को सम्बोधित करते कुरुक्षेत्र विवि, कुरुक्षेत्र के सांख्यिकी विभाग के प्रो. मुकेन्दर सिंह।

विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नवीनतम सांख्यिकी तकनीकों और उन्नत सॉफ्टवेयर टूल्स के उपयोग बारे व्यावहारिक ज्ञान देने के उद्देश्य से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग में वीरवार को सॉफ्टवेयर ड्रीवन स्टैटिसटिक्स टेक्नीक्स फॉर डाटा एनालिसिस विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एस.सी. मलिक ने इस कार्यशाला के प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और कार्यशाला की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने नवीनतम सांख्यिकी तकनीकों और सॉफ्टवेयर टूल्स को महत्वपूर्ण बताया।

इस तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रथम दिन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के सांख्यिकी विभाग के प्रो. मुकेन्दर सिंह ने- एसपीएसएस का उपयोग करके वर्णनात्मक सांख्यिकी और सहसंबंध विश्लेषण पर दो व्यावहारिक व्याख्यान दिए। उनके पहले व्याख्यान में केन्द्रीय प्रवृत्ति, फैलाव और डेटा विजुअलाइज़ेशन तकनीकों के उपायों सहित वर्णनात्मक सांख्यिकी का व्यापक अवलोकन प्रदान किया गया। उन्होंने वास्तविक जीवन के उदाहरणों द्वारा समर्थित चर के बीच संबंधों की पहचान करने में सहसंबंध विश्लेषण के महत्व को समझाया।

दूसरे व्याख्यान में उन्होंने जटिल और बड़े डेटा सेट को कुशलतापूर्वक संभालने में एसपीएसएस की क्षमताओं पर प्रकाश डाला। शाम के सत्र में जयपुर के मणिपाल विश्वविद्यालय के गणित और सांख्यिकी विभाग के डॉ. आशीष कुमार ने जामोवी (ओपन-सोर्स टूल) के साथ डेटा विज्ञान को सशक्त बनाना विषय पर दो व्याख्यान दिए। उनके पहले व्याख्यान में डेटा विज्ञान के युग में सांख्यिकी की बढ़ती भूमिका और सुलभ और कुशल विश्लेषणात्मक उपकरणों की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

सीय कार्यशाला के पहले दिन का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने वक्ताओं के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की, अपनी शंकाओं को स्पष्ट किया और एसपीएसएस और जामोवी सॉफ्टवेयर के व्यावहारिक अनुप्रयोगों बारे जाना।

## पक्षियों को बचाने का करें प्रयास, बच्चों और युवाओं को शिक्षित करना होगा : कुलपति



■ महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एनवायरमेंट सस्टेनेबिलिटी (ईएसएम) सेल के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आम जन को पक्षियों के महत्व, उनकी प्रजातियों, उनके सामने आने वाले खतरों और उनके संरक्षण के तरीकों बारे जागरूक करने के उद्देश्य से आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एनवायरमेंट सस्टेनेबिलिटी (ईएसएम) सेल के तत्वावधान में पक्षी जागरूकता और संरक्षण कार्यशाला प्रारंभ हुई।

एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि पक्षी हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि पक्षी न केवल प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं, बल्कि कीट नियंत्रण, परागण और बीज प्रसार में भी योगदान देते हैं। इसलिए पक्षियों को बचाने के लिए मिलकर प्रयास करना होगा, ऐसा कुलपति का कहना था। उन्होंने एक महत्वपूर्ण विषय पर इस कार्यशाला के आयोजन के लिए ईएसएम सेल कोऑर्डिनेटर प्रो. विनीता हुड्डा और उनकी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर ने कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करते हुए अपने आसपास के वातावरण को पक्षियों के अनुकूल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को पक्षियों के महत्व के बारे में शिक्षित करना होगा। आईयूसीएन नई दिल्ली के डॉ. टीके रॉय ने कार्यशाला में- बर्डलाइफ एंड हैबिटेट इंट्रोडक्शन विषय पर एक्सपर्ट टॉक में अपने विचार रखे । डा. ईशा ने कार्यक्रम का संचालन किया और आभार जताया। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार, बॉटनी विभाग की अध्यक्षा प्रो. अनीता सहरावत, पर्यावरण विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. जे.एस. लौरा, वाईआरसी प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान, प्रो. मीनाक्षी शर्मा आदि उपस्थित रहे।



### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में शामिल हों छात्राएं: करमिन्दर कौर

**रोहतक।** 'लिंग-भेद समाज द्वारा बनाया गया है। लिंग भेद भी बच्चियों और महिलाओं पर एक तरह की हिंसा है जिसे समाज में जागरूकता से खत्म किया जा जा सकता है। बाल विवाह भी सभ्य समाज पर एक कलंक हैं। बाल विवाह की रोकथाम के लिए समाज के सभी तबकों को मिलकर काम करना होगा। युवा इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ये बातें महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर द्वारा मायना गांव में महारानी किशोरी कॉलेज की छात्राओं के एनएसएस कैम्प में छात्राओं को बाल जागरूक करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि 27 नवम्बर को दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत की थी। कैम्प में बाल विवाह के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान में एनएसएस कैम्प की छात्राओं ने हस्ताक्षर अभियान बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सी.जे.एम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारण, रोहतक डॉ. तरन्नुम खान के मार्गदर्शन में ''शक्ति' 'बाल विवाह के खिलाफ आवाज' को सशक्त बनाने अभियान के तहत विभिन्न माध्यमों से आम जन को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। महारानी किशोरी कालेज की एनएसएस की छात्राओं के मायना गांव में चल रहे 7 दिवसीय कैम्प में भाग रहे रही छात्राओं ने इस अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। एनएसएस प्रोग्राम आफिसर सोफिया जाखड़ और डॉ. सविता मलिक ने संरक्षण एवं बाल विवाह अधिकारी करमिन्दर कौर का धन्यवाद किया।

### राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि में गणित एवं विज्ञान दिवस आयोजित

# मॉडल मेकिंग में रश्मि प्रथम और प्रिंस, दीपांशु व धरित द्वितीय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी रोड में जिला गणित विशेषज्ञ दीपक अरोड़ा एवं जिला विज्ञान विशेषज्ञ समीर मान के निर्देशन में गणित दिवस एवं विज्ञान दिवस मनाया गया।

इस उपलक्ष में हरबंस पहेली प्रतियोगिता और मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्विज मास्टर गणित अध्यापक अनिल कौशिक रहे और गणित मॉडल मेकिंग में निर्णायक मंडल की भूमिका डाइट मदीना से प्रवक्ता सुरेंद्र मोर, सुमित सहरावत व ईला धमीजा ने निभाई। हरबंस पजल क्विज में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल भिवानी रोड से टेम्स ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांधरा से गौरव पांचाल ने द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुंगान से पूजा ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं मॉडल मेकिंग में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी रोड से रश्मि ने पहला, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांघी से प्रिंस, दीपांशु, धरित ने दूसरा और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनियानी से खुशी, राखी, तनु ने तीसरा स्थान हासिल किया। रसायन विज्ञान प्रवक्ता कृष्णा सैनी व सोनिया वर्मा, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता सरिता व जीव विज्ञान प्रवक्ता संतोष ने इस दौरान बच्चों के साथ विज्ञान विषय को रोचक बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिसार रोड की छात्रा रितिका ने डॉ. सीवी रमन की उपलब्धियों से बच्चों को रूबरू करवाया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ समीर मान ने विद्यार्थियों को जीवन में विज्ञान के महत्व से अवगत कराया तथा प्रत्येक गतिविधि को प्रैक्टिकल माध्यम से करने पर बल दिया।



## खबर संक्षेप



### उद्यमिता क्षेत्र में अनेक अनिश्चितताएं होती हैं: एडवर्ड

**रोहतक।** एंटरप्रेन्योरशिप को सामाजिक-सामुदायिक सरोकारों से जोड़ने तथा सांगठनिक मामलों में विभिन्न स्टेक होल्डर्स में विश्वास सुनिश्चित करने का संदेश प्रतिष्ठित प्रबंधन विशेषज्ञ तथा मोनाश बिजनेस स्कूल, मेलबर्न (आस्ट्रेलिया) के प्रोफेसर डॉ. एडवर्ड बकिंघम ने वीरवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित वाइस चांसलर डिस्टिंगुइशेड लेक्चर सीरीज में दिया। इमसॉर आईएचटीएम तथा फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस विशेष व्याख्यान में प्रो. एडवर्ड बकिंघम ने कहा कि व्यवसाय तथा उद्यमिता क्षेत्र में अनेक अनिश्चिताएं होती हैं, इन अनिश्चित कारकों के मध्य रास्ता निकालना कुशल उद्यमी की पहचान हैं। उन्होंने निवेश की बारीकियों पर भी प्रकाश डाला। प्रो. एडवर्ड ने व्याख्यान उपरांत विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। एमडीयू के डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान ने कहा कि प्रबंधन एक कला तथा विज्ञान है। प्रबंधन कौशल विकसित करने के लिए विद्यार्थियों को सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश के साथ-साथ संचार कौशल भी सीखना होगा, ऐसा प्रो. मान का कहना था।

### 17 से 20 तक होगी अखिल भारतीय सिविल सेवा कुश्ती खेल प्रतियोगिता

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीडा बोर्ड द्वारा अखिल भारतीय सिविल सेवा कुश्ती (पुरूष व महिला) खेल प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 20 फरवरी तक महाराष्ट्र के पुणे में करवाया जायेगा। इससे पूर्व कुश्ती खेल की हरियाणा राज्य की पुरूष व महिला टीम का स्थानीय सर छोटूराम स्टेडियम में 7 फरवरी को सुबह 10 बजे चयन के लिए ट्रायल होंगे। डीसी ने कहा कि धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि इस ट्रायल में हरियाणा राज्य के सभी विभागों के कर्मचारी व अधिकारी भाग ले सकते हैं।

## पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों पर नगर निगम सख्त

# प्रतिबंद्वित प्लास्टिक बेचने व गंदगी फैलाने वालों पर 6 ,000 जुर्माना

- सफाई शाखा के अधिकारियों को भी निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सिंगल यूज, प्रतिबंद्वित प्लास्टिक बेचने व गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ नगर निगम की टीम कार्रवाई करते हुए चालान किए हैं। वीरवार को निगम की टीम ने दो चालान गंदगी फैलाने वालों के 2 हजार रूपये के और चार चालान सिंगल यूज, प्रतिबंद्वित प्लास्टिक बेचने वालो के 4000 रूपये के किए। नगर निगम के आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि पूर्व में अपील की गई थी कि गंदगी न फैलाएं अन्यथा नगर निगम की टीम द्वारा चालान किए जाएंगें। सफाई शाखा के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए थे कि गंदगी फैलाने वालों के चालान किए जाएं। जिसके बाद नगर निगम की टीम टीम द्वारा निरीक्षण किया गया तथा गंदगी



धर्मेंद्र सिंह
आयुक्त (नगर निगम)

फैलानें वालों के चालान किए गए।

### शहर में निरंतर निरीक्षण करेंगी निगम की टीमें

नगर निगम आयुक्त ने बताय कि नगर निगम की टीमें शहर में निरंतर निरीक्षण करेंगी तथा गंदगी फैलाने वालों के चालान किए जाएंगे। इसके अलावा सफाई शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे भी निरंतर शहर में निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था में सुधार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि साथ ही मुख्य मार्गों की सफाई के लिए इस्तेमाल की जा रही मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों के कार्य की भी निगरानी की जा रही है तथा इस बारे निर्देश दिए गए कि स्वीपिंग मशीनों को रात के समय ज्यादा से ज्याद प्रयोग में लाया जाएगा ताकि शहर में यातायात व्यवस्था बाधित न हो सके।



**रोहतक।** दुकानदारों से बातचीत करते नगर निगम टीम।

### गीला-सूखा कूड़ा अलग-अलग कर गाड़ी में डालें

नगर निगम ने ने आमजन से पुनः अपील की है कि नगर निगम रोहतक का स्वच्छता के कार्य में सहयोग करें तथा गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्रित कर नगर निगम की कूड़ा लेने वाली गाड़ी को दें। अपने घरों, दुकानों, संस्थानो, स्कूल, कॉलेज, सरकारी कार्यालय, होटल, रैस्टोरेंट, अस्पताल, पैट्रोल पम्प, शॉपिंग काम्पलैक्स, रेहड़ी, फड़ी आदि से निकलने वाले कूड़े को एकत्रित करने के लिए डस्टबीन अवश्य रखें। सी एंड डी वेस्ट (निर्माण एवं विध्वंस सामग्री) को सड़क के किनारे, खाली प्लाटों अथवा इधर-उधर न डालें तथा इसे केवल नगर निगम द्वारा चिन्हत स्थल जेल रोड़, गांव सुनारियां पर डालें।



### हरियाणा एनसीसी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी ने राजकीय विद्यालय में किया निरीक्षण

**रोहतक।** गांव पहरावर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनसीसी यूनिट का फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल मनवीर सिंह धनखड़ ने निरीक्षण किया। उन्होंने सभी एनसीसी कैडेट को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा व देश के लिए पूर्ण समर्पण भाव विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रत्येक कार्य को पूर्ण मनोयोग से करने का आह्वान भी किया। विद्यालय प्राचार्या संतोष कुमारी ने बताया कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करने और देश सेवा के लिए एनसीसी यूनिट की स्थापना की गई है। कैडेट्स इस पाठ्य सहगामी क्रिया से अपना विकास करें। इस मौके पर सूबेदार मेजर अमरजीत सिंह, हवलदार धर्मपाल, एएनओ डॉ. मनोज कुमार, उषा सैनी, कुसुमलता, विनोद कुमार, डॉ. दीप्ति, पूनम आदि मौजूद रहे।

### नशीले पदार्थों की तस्करी व कन्या भ्रूण हत्या में संलिप्त व्यक्तियों की सूचना दें नागरिक : उपायुक्त



**रोहतक।** नशीले पदार्थों की तस्करी को बढ़ावा देने या ऐसे व्यक्तियों को सुरक्षा देने वाले व्यक्तियों अथवा कन्या भ्रूण हत्या में संलिप्त व्यक्तियों-संगठनों के बारे में जानकारी है तो वे जिला प्रशासन द्वारा जारी नंबर 7206887834 पर जानकारी दें। जिला प्रशासन द्वारा सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान गुप्त रखी जाएगी तथा ऐसे व्यक्तियों एवं संगठनों के विरुद्घ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह बात धीरेंद्र खड़गटा ने लघु सचिवालय स्थित वीडियों कॉन्फ्रेंस रूम में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों व संगठनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त तथा कन्या भ्रूण हत्या में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात को बढ़ाने के दृष्टिगत अनेक कदम उठाए गए है, जिनमें जिला से लगती सीमा के अन्य प्रदेशों के जिलों में भी रेड की जा रही है। गत दिनों जिला प्रशासन द्वारा ऐसी तीन सफल रेड की गई है। जिला प्रशासन द्वारा नशीले पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए भी कदम उठाए गए है।

## समर्पण का अर्थ अपने लिए जीना नहीं बल्कि दूसरों के लिए कुछ करना भी है

- शिक्षा भारती स्कूल में समर्पण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गोहाना रोड स्थित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में समर्पण कार्क्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने अपने जीवन में अनुशासन, शिक्षा और समाज सेवा के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि हम शिक्षा के प्रति समर्पित रहें और अपने ज्ञान का उपयोग समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए करें। कार्यक्रम में शिक्षा भारती विद्यालय रामनगर की प्राचार्या ममता भोला ने कहा कि समर्पण का अर्थ केवल अपने लिए जीना नहीं, बल्कि दूसरों के लिए भी कुछ करना है। जब हम किसी की मदद करते हैं, तो न केवल दूसरे व्यक्ति का भला होता है, बल्कि हमें भी मानसिक और आत्मिक शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि सेवा भाव से भरा हुआ व्यक्ति न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए एक आदर्श बनता है। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और छात्रों को अपने जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबन्धक रामचरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक, डॉ. दिनेश मदान, रवीन्द्र सक्सेना, रमन ने शुभकामनाएं प्रेषित की।



### दिलभरी देवी का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

**रोहतक।** वीरवार को स्व चौ. समेराम मायना की पत्नी दिलभरी देवी का देहांत उनके निवास स्थान सेक्टर 36 सनसिटी में हो गया। वह 85 वर्ष की थी, उनका कई दिनों से उपचार चल रहा था। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई हैं। उनके बेटे कर्मवीर मायना केवीएम शिक्षण संस्थान लाढोत रोड व जीडी गोयंका स्कूल व अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के नेता विशाल मायना ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह 11 बजे गांव मायना के शमशान घाट में किया जाएगा।

## जूनियर नेशनल कॉर्फबॉल चैम्पियनशिप में मनित और संभव ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने छत्तीसगढ़ का हराया

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा में 30 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित 20वीं सब-जूनियर नेशनल कॉर्फबॉल चैम्पियनशिप में देशभर की विभिन्न टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में आईबी स्कूल के कक्षा 7वीं के छात्र मनित और संभव दहिया ने भी भाग लिया और अपने उत्कृष्ट खेल से सभी को प्रभावित किया। फाइनल मुकाबला हरियाणा और छत्तीसगढ़ की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। हरियाणा की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए छत्तीसगढ़ को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत में मानित और संभव दहिया का योगदान सराहनीय रहा। उनकी प्रतिभा और समर्पण ने हरियाणा टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईबी स्कूल के प्रबंधक अमरजीत सिंह ढुल, डायरेक्टर अजीत सिंह ढुल व प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने मानित और संभव दहिया को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन छात्रों ने न केवल अपने स्कूल बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। यह जीत उनकी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का प्रमाण है। आईबी स्कूल परिवार उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।



### विभिन्न कार्यों के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभिन्न कार्यों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। जिलाधीश द्वारा जारी प्रथम आदेश के तहत महम तहसील के भैणी भैरो गांव में 33 फुट गली के निर्माण के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत महम के नायब तहसीलदार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी तरह अन्य आदेश के तहत हनुमान कॉलोनी एवं रोहताश नगर (खोखराकोट) में अरूमत योजना के तहत डाली जा रही शिविर लाइनों में कनेक्शन की प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर निगम के कार्यकारी अभियंता मनदीप धनखड़ को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस तैनात किया जाएगा।

## अथर्व आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के नए ब्लॉक में ऑपरेशन थिएटर का शुभारंभ

- पाइल्स, फिशर, भगंदर आदि का क्षार सूत्र से इलाज किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



अथर्व आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के नए ब्लॉक में सभी नई टेक्नोलॉजी और सुविधाओं से सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर का शुभारंभ किया गया। भगवान धनवंतरी और सर्जरी के जनक आचार्य सुश्रुत की पूजा के बाद डायरेक्टर डॉ. संजीव मदान, को फाउंडर डॉ. प्रिंस गिरोत्रा, सर्जन डॉ. शुभम ने सभी स्टाफ मेंबर्स के साथ रिबन काटकर नए ऑपरेशन थिएटर का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि अभी पाइल्स, फिशर, भगंदर आदि का क्षार सूत्र से इलाज शुरू किया गया है। स्त्री प्रसूति, आंख, कान, नाक, गले के प्रोसीजर्स भी सफलता पूर्ण किए जा रहे हैं। समय के साथ रोगिनुसार अन्य ऑपरेशन भी किए जाएंगे, सभी में उपचार आयुर्वेद, पंचकर्म विधि से किया जाएगा ताकि रोग दोबारा न हो और बाद में रिकवरी भी बिना साइड इफेक्ट्स के जल्दी हो जाए। इस मौके पर सपना, डॉ. विधि, मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।

## हरबीर सिंह ने बतौर चीफ कंसल्टेंट पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट में वीरवार को सेवानिवृत सैन्य अधिकारी ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने बतौर चीफ कंसल्टेंट पदभार संभाल लिया। एमडीयू के डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, सेवानिवृत आईजी, इंडियन कोस्टगार्ड कुलदीप श्योराण, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी, निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी तथा जनसंपर्क अधिकारी पंकज नैन की उपस्थिति में ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में पदभार ग्रहण किया। ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने कहा कि वे यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के क्षमता संवर्धन के लिए कार्य करेंगे। ब्रिगेडियर हरबीर सिंह सेना मेडल, युद्ध सेवा मेडल से अलंकृत सैन्य अधिकारी हैं। उनका शैक्षणिक रिकॉर्ड भी उत्कृष्ट है।



**रोहतक।** सेवानिवृत सैन्य अधिकारी ब्रिगेडियर हरबीर सिंह का स्वागत करते डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, सेवानिवृत आईजी, इंडियन कोस्टगार्ड कुलदीप श्योराण, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी व निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**कार्यक्रम** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

## शिक्षण और प्रबंधन में नवाचार को अपनाकर अधिक कुशल परिणाम कर सकते हैं प्राप्त : डॉ. एचएल वर्मा

प्रबंधन शिक्षा में वैश्विक दृष्टिकोण और नवीनतम रुझान: प्रोफेसर एडवर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख विषय प्रबंधन शिक्षा में वैश्विक स्तर के नवीनतम रुझान रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को प्रबंधन शिक्षा के नवीनतम वैश्विक दृष्टिकोण से अवगत कराना और उन्हें आधुनिक शिक्षण विधियों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम को ऑस्ट्रेलिया के मोनाश बिजनेस स्कूल, मेलबर्न के प्रोफेसर एडवर्ड बकिंघम ने संबोधित किया। प्रोफेसर बकिंघम प्रबंधन शिक्षा में प्रबंधन शिक्षा के आधुनिक तरीकों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की और बताया कि शिक्षा प्रणाली को लगातार विकसित और गतिशील बनाए रखना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि एक प्रभावी प्रबंधन शिक्षा प्रणाली में विभिन्न पहलुओं का समुचित प्रबंधन और समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि क्षमताओं और चुनौतियों के बीच संतुलन बनाकर ही एक प्रभावी शिक्षा प्रणाली विकसित की जा सकती है। इसके साथ ही, उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक ज्ञान को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एचएल वर्मा ने कहा कि शिक्षण और प्रबंधन में नवाचार को अपनाकर हम अधिक कुशल और प्रभावी परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब शिक्षकों को आधुनिक शोधों, तकनीकों और प्रबंधन रणनीतियों की पूरी जानकारी हो।



**रोहतक।** अतिथियों का स्वागत करते हुए बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एचएल वर्मा।

### शिक्षकों को किया प्रेरित

डॉ. वर्मा ने विश्वविद्यालय में सतत विकास और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। कुलपति ने यह भी कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल सूचना प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्रों को व्यावहारिक और नवाचार आधारित ज्ञान देना होना चाहिए। इस मौके पर महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय के प्रबंधन संकाय से प्रोफेसर डॉक्टर राजकुमार ने कहा कि आधुनिक युग में शिक्षा को उद्योगों के साथ जोड़ना बेहद आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा के डिजिटल रूपांतरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आज के युग में ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रबंधन शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे व्यवहारिक और उद्योग उन्मुख बनाना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे छात्रों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान दें, बल्कि उन्हें समस्याओं का समाधान निकालने की व्यावहारिक समझ भी विकसित करनी चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. सुमन पहल, डॉ. जसप्रीत दहिया, डॉ. सपना बंसल, डॉ. देवेंद्र, डॉ. कोमल, डॉ. निशा, डॉ. हेमा सिंगल, डॉ. विनीता, डॉ. महिपाल, डॉ. सवींन, डॉ. मोनिका, डॉ. अभिषेक, डॉ. रीना, डॉ. नेहा और डॉ. आशा सहित अन्य उपस्थित रहे।